**07-12-2022**

# Worldwide Cost of Living 2022 रिपोर्ट

## समाचार पत्रों में क्यों?

हाल ही में लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी की गई। यह दुनिया भर के 172 देशों में 200 से अधिक वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों की तुलना करती है।

## त्वरित मुद्दा?

- यह रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (Economist Intelligence Unit) द्वारा संकलित की गई है। यह विभिन्न शहरों में रहने के संकेतकों की लागत की तुलना करता है।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- इस अर्धवार्षिक रिपोर्ट में शहरों में रहने वाले खर्चों में व्यापक बदलाव पाया गया, जो मुख्य रूप से यूक्रेन में युद्ध के कारण शुरू हुआ।
- मॉस्को की रैंकिंग 2021 में 72 वें स्थान से बढ़कर 2022 में 37 वें स्थान पर पहुंच गई।
- मुद्राओं और अर्थव्यवस्थाओं के कमजोर होने के कारण वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद कई यूरोपीय शहरों में रहने के खर्च में गिरावट आई है।
- उच्च आय और एक मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण न्यूयॉर्क और सिंगापुर दोनों शीर्ष रैंक पर हैं।
- कीमतों में तेजी से वृद्धि के कारण कम से कम 22 अमेरिकी शहरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। अटलांटा, चार्लोट, इंडियानापोलिस, सैन डिएगो और बोस्टन जैसे शहरों में रहने की लागत में बड़ी वृद्धि देखी गई।
- तेल अवीव, जो 2021 में शीर्ष रैंक पर था, अब तीसरे स्थान पर पहुँच गया, लॉस एंजिल्स और हांगकांग चौथे स्थान पर हैं।
- दुनिया भर में यूटिलिटी बिल में औसतन 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। कार की कीमत भी स्थानीय मुद्रा के लिहाज से औसतन 9.5 फीसदी बढ़ी है। तेल की कीमत सबसे अधिक बढ़ी, क्योंकि यह औसतन 22 प्रतिशत बढ़ी है।
- सर्वेक्षण में पिछले एक साल में दुनिया भर में मुद्रास्फीति में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। लगभग 20 साल पहले EIU द्वारा ट्रैकिंग शुरू करने के बाद से यह अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है।
- इस्तांबुल, ब्यूनस आयर्स और तेहरान में महंगाई में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कराकास (वेनेजुएला) में मुद्रास्फीति की उच्चतम दर दर्ज की गई, जहां पिछले वर्ष में रहने की लागत में 132 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- **रिपोर्ट की कार्यप्रणाली:** सूचकांक को न्यूयॉर्क शहर में कीमतों के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है, इसलिये अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मज़बूत मुद्राओं वाले शहरों की रैंकिंग में उच्च दिखाई देने की संभावना है।

## अन्य प्रमुख तथ्य?

### द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (The Economist Intelligence Unit) द इकोनॉमिस्ट ग्रुप का शोध एवं विश्लेषण प्रभाग है, जो द इकोनॉमिस्ट अखबार की सिस्टर कंपनी है।
- EIU लोकतंत्र सूचकांक (Democracy Index) भी जारी करता है, जो 165 स्वतंत्र राज्यों और दो क्षेत्रों में दुनिया भर में लोकतंत्र की स्थिति का एक स्नैपशॉट प्रदान करता है।
- EIU के लोकतंत्र सूचकांक (Democracy Index) में भारत 53वें स्थान पर है।

- **परिणाम का दायरा:** वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2021 द्वारा 173 वैश्विक शहरों में रहने की लागत को ट्रैक किया गया है और यह 200 से अधिक उत्पादों एवं सेवाओं की कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन करता है।
- **कोविड-19 का प्रभाव:** आपूर्ति-शृंखला की रुकावटों और बदलती उपभोक्ता मांग ने कई बड़े शहरों में रहने की लागत को बढ़ा दिया है। इसके अलावा विगत पाँच वर्षों में सबसे तीव्र मुद्रास्फीति दर्ज की गई है।
- **भारतीय परिदृश्य:** सर्वेक्षण में भारत के अहमदाबाद (गुजरात) को शीर्ष दस सबसे सस्ते शहरों में सूचीबद्ध किया गया है।
- सबसे सस्ते शहरों में दमिश्क (सीरिया की राजधानी) शीर्ष पर है। इसके बाद सबसे सस्ते शहरों की रैंकिंग में त्रिपोली (लीबिया), ताशकंद (उज़्बेकिस्तान), ट्यूनिस (ट्यूनीशिया) और अल्माटी (कज़ाखस्तान) का स्थान है।
- **दुनिया के 10 सबसे सस्ते शहरों की सूची -**

| पद | शहर | देश |
|---|---|---|
| 1 | दमिश्क | सीरिया |
| 2 | त्रिपोली | लीबिया |
| 3 | ताशकंद | उज़्बेकिस्तान |
| 4 | ट्यूनिस | ट्यूनीशिया |
| 5 | अल्माटी | कजाखस्तान |
| 6 | कराची | Pakistan |
| 7 | अहमदाबाद | भारत |
| 8 | अल्जीयर्स | एलजीरिया |
| 9 | ब्यूनस आयर्स | अर्जेंटीना |
| 10 | लुसाका | जाम्बिया |

## प्रारंभिक परीक्षा मे पूछे जाने वाला संभावित प्रश्न

**Q. द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की रिपोर्ट 'वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे 2022' के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन भारत के सबसे सस्ते शहरों में से एक है?**

(a) मुंबई (b) बेंगलुरु
(c) चेन्नई (d) अहमदाबाद

**उत्तर—(d) अहमदाबाद**

# सेमेरु ज्वालामुखी में विस्फोट

## समाचार पत्रों में क्यों?

इंडोनेशिया (Indonesia) का सबसे उंचा ज्वालामुखी माउंट सेमेरू 4 दिसंबर 2022 को अचानक से फट गया। ज्वालामुखी के फटने से लावा की नदी थमने का नाम ही नहीं ले रही है। आसपास के इलाकों में गर्म राख और गैस के बादल छा गए हैं।

## त्वरित मुद्दा?

- पूर्वी जावा प्रांत में स्थित सेमेरु ज्वालामुखी में विस्फोट द्वीप के पश्चिम में भूकम्पों की भूकंप की एक श्रृंखला के बाद हुआ, जिसमें पिछले महीने एक विनाशकारीभूकंप भी शामिल था जिसमें 300 से अधिक लोग मारे गए थे।
- माउंट सेमेरू आखिरी बार दिसंबर 2021 में फटा था, जिसमें कम से कम 69 लोग मारे गए थे। उस समय विस्फोट ने पूरी सड़कों को मिट्टी और राख से भर दिया था, घरों और वाहनों को निगल लिया था, और लगभग 10,000 लोग शरणार्थी बन गए थे।

## अन्य प्रमुख तथ्य?

### भारत में ज्वालामुखी

- बैरन द्वीप, अंडमान द्वीप समूह (भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी)
  - नारकोंडम, अंडमान द्वीप समूह
  - बारातंग, अंडमान द्वीप समूह
  - डेक्कन ट्रैप्स, महाराष्ट्र
  - धिनोधर हिल्स, गुजरात
  - धोसी हिल, हरियाणा

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- सेमरू- जिसे "द ग्रेट माउंटेन" के रूप में भी जाना जाता है जावा का सबसे उच्चतम ज्वालामुखी शिखर है तथा सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।इसमें अंतिम बार दिसंबर, 2019 में विस्फोट हुआ था।
- इंडोनेशिया में विश्व के सक्रिय ज्वालामुखियों की सर्वाधिक संख्या होने के साथ-साथ इसके पैसिफिक रिंग ऑफ फायर/ परि-प्रशांत अग्नि वलय (Pacific's Ring of Fire) में अवस्थित होने के कारण यहाँ भूकंपीय उथल-पुथल का खतरा भी बना रहता है।
- सेमरू ज्वालामुखी भी सूंडा प्लेट (यूरेशियन प्लेट का हिस्सा) के नीचे स्थित इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग के रूप में निर्मित द्वीपीय चाप (Island Arcs) का हिस्सा है। यहां निर्मित गर्त सुंडा गर्त के नाम से जाना है, जावा गर्त (Java Trench) इसका प्रमुख खंड/भाग है।
- रिंग ऑफ फायर, जिसे परि-प्रशांत अग्नि वलय (Circum-Pacific Belt) के रूप में भी जाना जाता है, सक्रिय ज्वालामुखियों और लगातार आने वाले भूकंपों के कारण प्रशांत महासागर में निर्मित क्षेत्र है।
- यह प्रशांत (Pacific), कोकोस (Cocos), भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई (Indian-Australian), नाज़्का (Nazca), उत्तरी अमेरिकी (North American) और फिलीपीन प्लेट्स (Philippine Plates) सहित कई टेक्टोनिक प्लेटों के मध्य एक सीमा का निर्धारण करती है।
- **द्वीपीय चाप:-** ये तीव्र ज्वालामुखीय और भूकंपीय गतिविधि तथा ओरोज़ेनिक (पर्वत-निर्माण) प्रक्रियाओं से जुड़े समुद्री द्वीपों की लंबी, घुमावदार शृंखलाएं हैं।

- एक द्वीपीय चाप में सामान्यतः एकभू-क्षेत्र/लैंड मास (Land Mass) या आंशिक रूप से संलग्न उथला समुद्र शामिल होता है।उत्तल क्षेत्र के साथ हमेशा एक लंबी, संकीर्ण गहरी गर्त विद्यमान होती है।
- समुद्र के इन गहरे क्षेत्रों में सबसे बड़ी एवं गहरी महासागरीय गर्त पाई जाती है जिसमें मारियाना (दुनिया की सबसे गहरी गर्त) और टोंगा गर्त शामिल हैं।
- भूगर्भिक विशेषता के इन प्रारंभिक उदाहरणों में अल्यूशियन-अलास्का गर्त (Aleutian-Alaska Arc) और क्यूराइल-कामचटका गर्त (Kuril-Kamchatka Arc) शामिल हैं।

## प्रारंभिक परीक्षा मे पूछे जाने वाला संभावित प्रश्न

**Q. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैरन द्वीप ज्वालामुखी भारतीय क्षेत्र में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है।
2. बैरन द्वीप ग्रेट निकोबार से लगभग 140 किमी. पूर्व में स्थित है।
3. पिछली बार वर्ष 1991 में बैरन द्वीप ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था और तब से यह निष्क्रिय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

**उत्तर : (a)**